


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03: अंक: 273 | ग्वालियर, बुधवार 07 अक्टूबर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज़ ट्रैक

### पीएफआई के 4 कार्यकर्ता गिरफ्तार जामिया छात्र को बताया मास्टरमाइंड

**लखनऊ।** हाथरस कांड के बाद जातीय हिंसा फैलाने की कोशिश के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इनकी गिरफ्तारी मथुरा के पास के एक टोल प्लाजा से हुई है. चारों दिल्ली से हाथरस की तरफ जा रहे थे. इनमें एक जामिया का छात्र भी शामिल है. पुलिस का आरोप है कि वह यूपी में दंगे की साजिश रखने वाला पीएफआई का मास्टरमाइंड है. मसूद अहमद नाम का गिरफ्तार छात्र बहराइच जिले के जरवल रोड का रहना वाला है. पुलिस के मुताबिक मसूद अहमद दिल्ली स्थित जामिया मिल्लिया इस्लामिया में एलएलबी का छात्र है. वह बीते दो साल से कैम्पस फ्रंड ऑफ इंडिया से जुड़ा हुआ है जो पॉपुलर फ्रंड ऑफ इंडिया की स्टूडेंट विंग है. इससे पहले, हाथरस गैंगरेप को लेकर उत्तर प्रदेश के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने कहा था कि पोस्टर और सोशल मीडिया के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है. जातीय हिंसा फैलाने की नीयत से सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है. एडीजी ने कहा कि माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. एडीजी के मुताबिक कुछ लोगों ने हाथरस की घटना को लेकर अमन-चैन बिगाड़ने का प्रयास किया है. लिहाजा इस सिलसिले में पहला मुकदमा हाथरस के चंदपा थाने में दर्ज हुआ है. हाथरस में तैनात अधिकारियों से उलझने, बैरिकेडिंग तोड़ने के मामले में भी मुकदमा दर्ज किया गया है.

### सुशांत सिंह राजपूत मामले में महाराष्ट्र पुलिस को बदनाम करने की साजिश? गृह मंत्री देशमुख ने दिए जांच के आदेश

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने मंगलवार को मुंबई और महाराष्ट्र पुलिस को बदनाम करने की साजिश केस में जांच के आदेश दे दिए। इसके साथ ही, उन्होंने विपक्षी पार्टी बीजेपी पर आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से माफी की मांग की है। राज्य के गृह मंत्री देशमुख ने कहा कि मुंबई पुलिस की क्राइम और साइबर क्राइम जांच मामले की जांच करेगी। हमारे सहयोगी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने बताया था कि मुंबई पुलिस की साइबर यूनिट ने पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह को रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें कहा गया है कि सुशांत मामले में राज्य की पुलिस को बदनाम करने के लिए नौ देशों से कम से कम 80 हजार सोशल मीडिया के फेक अकाउंट्स बनाए गए थे।

### यूपी में बिजली विभाग का निजीकरण टला, कर्मचारी हड़ताल खत्म कर काम पर लौटे

**लखनऊ।** बिजली कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल फिलहाल स्थगित कर दी है। हड़ताल से उत्तर प्रदेश के तमाम शहरों में हाहाकार मच गया था। कार्य बहिष्कार के दूसरे दिन बद से बदतर हुए हालात के मद्देनज़र यूपी सरकार ने निजीकरण का फैसला फिलहाल तीन महीने के लिए टाल दिया है। इसके साथ ही कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी। कहा जा रहा है कि अब इन तीन महीनों कोई न कोई समाधान खोज लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि सरकार और बिजली कर्मचारी संयुक्त परिषद के बीच पांच बिंदुओं पर सहमति बनी है। तय हुआ है कि फिलहाल बिजली विभाग का निजीकरण नहीं होगा। यदि कभी निजीकरण हुआ तो पहले बिजली विभाग के इंजीनियरों और कर्मचारियों की सहमति ली जाएगी।

## राहुल के काफिले को मिली इजाजत, समर्थकों संग हरियाणा में किया प्रवेश

**नई दिल्ली।** पंजाब में अपनी तीन दिन की यात्रा खत्म करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी हरियाणा पहुंच गए हैं. राहुल की ट्रैक्टर रैली अब से कुछ देर पहले हरियाणा बॉर्डर के पास पहुंची. इस दौरान राहुल गांधी खुद ही ट्रैक्टर चला रहे थे. राहुल गांधी जिस ट्रैक्टर को चला रहे हैं उसमें पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील जाखड़ भी बैठे थे. हरियाणा सरकार शुरू में राहुल के इतने बड़े काफिले को राज्य में प्रवेश की इजाजत नहीं दे रही थी, इसके बाद राहुल गांधी ने बॉर्डर पर ही धरने पर बैठने का ऐलान कर दिया. फिर काफी विचार विमर्श के बाद हरियाणा सरकार ने राहुल गांधी की रैली को राज्य में प्रवेश की इजाजत दे दी. हरियाणा सरकार ने आखिरकार राहुल गांधी के ट्रैक्टर काफिले को राज्य में प्रवेश की इजाजत दे दी है. अब राहुल गांधी अपने समर्थकों के साथ हरियाणा की सीमा में पहुंच गए हैं. ताजा जानकारी के मुताबिक पंजाब से हरियाणा आ रहे राहुल गांधी को हरियाणा सरकार ने ट्रैक्टरों के साथ राज्य में घुसने की इजाजत नहीं दी है. इसके विरोध में राहुल गांधी इजाजत मिलने तक बॉर्डर पर धरना देंगे.

**पंजाब में रैली को किया संबोधित**–केंद्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल जारी है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पंजाब में अपनी किसान यात्रा के तीसरे दिन जनसभा को संबोधित किया. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रैली में कहा कि मोदी सरकार 6 साल से किसानों, मजदूरों और गरीबों पर आक्रमण कर रही है. केंद्र सरकार ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, बस अपने अमीर



दोस्तों के लिए ही किया. राहुल गांधी ने कहा कि भट्टा परसौल में हमने जमीन के लिए लड़ाई लड़ी और जब मोदीजी आए तो उसे ही बदल दिया लेकिन हमने लड़ाई लड़ी. राहुल ने कहा कि एक दिन मोदी जी ने नोट बंद कर दिए, सारे गरीब-किसान बैंक के बाहर खड़े थे लेकिन अंबानी-अडानी बैंक के बाहर नहीं थे. कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदीजी ने आधी रात को जीएसटी लागू किया, दुकानदार, कारोबारी सब खत्म हो गए. क्योंकि वो अपने अमीर दोस्तों के लिए रास्ता साफ कर रहे हैं. कोविड के समय कृषि कानून लाया गया, क्योंकि उन्हें लगा था कि कोरोना के डर से किसान सड़क पर नहीं आएगा. राहुल बोले कि किसान जान दे देगा, लेकिन अपने हक के लिए लड़ाई लड़ेगा. इस सिस्टम में कमी है, मंडियां बढ़ाना जरूरी है लेकिन मोदी तो इस सिस्टम को ही खत्म कर रहे हैं. अगर मंडी खत्म होगी, तो किसान क्या करेगा. राहुल ने कहा कि आज जवान बॉर्डर पर खड़ा है, लेकिन मोदीजी 8000 करोड़ के विमान खरीद रहे हैं. राहुल बोले कि कांग्रेस अपने स्टैंड से पीछे नहीं हटेगी. जैसे ही हमारी सरकार आएगी, तुरंत हम इन तीनों कानूनों को फाड़ कर फेंक देंगे.

### ट्रैक्टर पर सोफा लगाकर यात्रा पर सवाल, राहुल ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल जारी है. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पंजाब से इस कानून के खिलाफ ट्रैक्टर रैली की शुरुआत की है, आज वो हरियाणा में प्रवेश करेंगे. राहुल गांधी ने कहा कि हमारी ये यात्रा मोदी सरकार के तीन काले कानूनों के खिलाफ है. ये मौजूदा सिस्टम को खत्म करने का तरीका है, पहले नोटबंदी, फिर जीएसटी और अब ये कानून लाया जा रहा है. देखें, क्या बोले राहुल गांधी जब उनसे ट्रैक्टर पर सोफा लगाकर यात्रा करने पर सवाल हुआ.

### हाथरस कांड को भयानक बता सुप्रीम कोर्ट ने

## योगी सरकार से मांगे 3 जवाब

## अगले हफ्ते अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में दलित लड़की से कथित सामूहिक बलात्कार और बाद में अस्पताल में उसकी मौत की घटना को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान योगी आदित्यानाथ की सरकार ने सर्वोच्च अदालत के जज की निगरानी में जांच की मांग। वहीं, कोर्ट ने घटना को भयानक बताते हुए सरकार के कई सवाल भी पूछे। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को हलफनामा दाखिल कर बताने को कहा कि हाथरस मामले में गवाहों की सुरक्षा कैसे की जा रही है। मामले की सुनवाई अगले हफ्ते के लिए सूचीबद्ध की गई है।

प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध एक जनहित याचिका की प्रतिक्रिया में प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय से हाथरस मामले में सीबीआई जांच का निर्देश देने का अनुरोध किया। उत्तर प्रदेश सरकार ने कोर्ट को बताया कि वह निष्पक्ष जांच में निहित स्वार्थों द्वारा उत्पन्न की जा रही बाधाओं से बचने के लिए सीबीआई जांच कराने का आदेश देने का अनुरोध कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने चीफ जस्टिस एसए बोबड़े, एएस बोपन्ना और वी रामासुब्रमणियन की पीठ को बताया कि उसने पहले ही केंद्र से हाथरस मामले में सीबीआई जांच



कराने का अनुरोध किया है। योगी सरकार ने कहा कि सीबीआई जांच सुनिश्चित करेगी कि कोई निहित स्वार्थ से गलत और झूठे विमर्श नहीं रच पाएगा। सरकार ने कहा कि इस मामले में तरह-तरह की बातें फैलाई जा रही हैं, इस पर रोक लगाए जाने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ याचिकाकर्ताओं से उनका मामले से संबंध पूछा और कहा कि हाथरस मामला काफी महत्वपूर्ण है, इसलिए उनकी सुनवाई की जा रही है। उच्चतम न्यायालय ने हाथरस मामले में वकीलों से कहा कि यह एक भयानक घटना है और हम अदालत में दलीलों का दोहराव नहीं चाहते। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सुप्रीम कोर्ट ने यह बताने के लिए कहा कि हाथरस मामले में गवाहों और पीड़ित परिवार के सदस्यों की सुरक्षा कैसे की जा रही है? उच्चतम न्यायालय ने कहा कि हम इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सामने कार्यवाही के दायरे के बारे में सभी से सुझाव चाहते हैं और हम इसका दायरा बढ़ाने के लिए क्या कर सकते हैं? पीठ ने यूपी सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसीटर जनरल से यह भी पछा कि क्या पीड़ित परिवार ने प्रतिनिधित्व के लिए कोई वकील चुना है? हाथरस के एक गांव में 14 सितंबर को 19 वर्षीय दलित लड़की से सवर्ण जाति के चार लड़कों ने कथित रूप से बलात्कार किया था।

## क्या दिल्ली में खत्म हो गई कोरोना की दूसरी लहर?

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि प्रदेश में अब कोरोना काफी कंट्रोल हो गया है. उन्होंने कहा कि हमने हालिया दिनों में काफी टेस्ट बढ़ाए हैं. दिल्ली में कोरोना के सेकेंड वेब का पीक 17 सितंबर था. अब संक्रमण कम हो रहा है. सीएम केजरीवाल दिल्ली में कोरोना की मौजूदा स्थिति को लेकर आजतक के सवाल का जवाब दे रहे थे. उन्होंने कहा कि ...अभी दिल्ली में (कोरोना) काफी कंट्रोल हो गया है, जो सेकंड वेब आई थी उसका पीक 17 सितंबर को था. जब (एक दिन में) 4500 केस आए थे अब वो धीरे-धीरे कम हो रहे हैं. सीएम केजरीवाल ने कहा कि हमने टेस्ट बहुत ज्यादा कर दिए थे. अस्पतालों में बेड और आईसीयू भी खाली हो रहे हैं, जो 7200 तक बेड भर गए थे, वे 5500 बेड हो गए हैं... 2000 बेड खाली हो गए हैं. दिल्ली में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1947 मामले सामने आए हैं. इसके साथ ही कुल मामले 2,92,560 हो गए हैं, जबकि 32 नए मरीजों की मौत के साथ ही मरने वाले कुल मरीजों की संख्या 5542 हो गई है. हालांकि दिल्ली में पिछले 24 घंटों में 3588 लोग ठीक हुए. इसके साथ ही ठीक होने वाले कुल मरीजों की संख्या 2,63,938 हो गई है. मंगलावर को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना वायरस के 61,267 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 66,85,082 हो गई है. वहीं पिछले 24 घंटे में 884 लोगों की मौत हुई है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 1,03,569 हो गई है.



### आरजेडी ने पहले चरण के 41 प्रत्याशियों को दिए सिंबल, मोकामा से अनंत सिंह ठोकेंगे ताल

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राजद ने मंगलवार को देर शाम तक पहले चरण के अपने सभी प्रत्याशियों को सिंबल दे दिए। हालांकि पार्टी ने प्रत्याशियों की कोई अधिकृत सूची जारी नहीं की। राजद के हिस्से में पहले चरण की 71 में से 41 सीटें आई हैं। जबकि कांग्रेस को 21 और माले को नौ सीटें मिली हैं। राजद के 17 मौजूदा विधायकों को फिर मैदान में उतारा गया है। वहीं नए चेहरों को भी उतारा गया है, जो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। पूर्व विधायकों और दूसरे दलों से आए लोगों को भी निराश नहीं किया गया है। दिनभर राबड़ी आवास के बाहर टिकटार्थियों और उनके समर्थकों का तांता लगा रहा। इस दौरान कई बार नारे भी लगते रहे। शाम होने तक अधिकांश स्थानों पर स्थिति साफ हो गई। सबसे अंत में बड़ाहरा सीट पर फैसला हुआ। पार्टी ने इस बार कई चीजों का ध्यान रखा है। करीब आधा दर्जन टिकट नेताओं के पुत्र-पुत्रियों और पत्नियों को देने के साथ ही कई टिकट बदले गए भी गए हैं।

**विरोध के चलते देर रात बदला मकदूमपुर का टिकट**–राजद सूत्रों की मानें तो मखदूमपुर सीट से पार्टी ने मौजूदा विधायक सूबेदार दास को फिर से प्रत्याशी बना दिया था। उन्हें बुलाकर सिंबल भी दे दिया गया।


पुष्पांजली टुडे समूह के उपसंपादक श्री अरविंद सिंह नरवरिया जी को

जन्मदिन की

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्री अरविंद सिंह नरवरिया



श्री भरत सिंह चौहान






















